सत्यमेव जयते

CARA

केन्द्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण
CENTRAL ADOPTION RESOURCE AUTHORITY

CARA



वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2021-2022

केन्द्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण
CENTRAL ADOPTION RESOURCE AUTHORITY
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार
Ministry of Women & Child Development, Government of India

सत्यमेव जयते

वार्षिक रिपोर्ट
2021-2022

CARA

केन्द्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

भारत सरकार

www.cara.nic.in

विषय सूची

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव और कारा की संचालन समिति के अध्यक्ष द्वारा प्राक्कथन *i*

अध्याय 1 : प्रस्तावना 1

1.1 केंद्रीय दत्तक–ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) 1

1.2 कारा की संचालन समिति 1

अध्याय 2 : हालिया सरकारी अधिसूचनाएं 3

अध्याय 3 : महत्वपूर्ण कार्यक्रम और गतिविधियाँ 4

3.1 एसएए–सीसीआई लिंकेज 4

3.2 कारा हेल्पलाइन और शिकायतों का निपटान 4

3.3 संसदीय समिति की समीक्षा 4

3.4 राज्य समन्वय 4

3.5 विशेष आवश्यकताओं वाले और बड़े बच्चों का पुनर्वास 5

3.6 दत्तक–ग्रहण विनियम पर मांगे गए सुझाव 5

3.7 जम्मू और कश्मीर में कार्यक्रम 5

3.8 कोविड–19 से जुड़ी पहलें 5

3.9 बाल दत्तक–ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली (केयरिंग्स) 5

3.10 प्रशिक्षण एवं विकास से संबंधित गतिविधिया 7

3.11 दत्तक–ग्रहण जागरूकता माह – नवंबर 2021 8

3.12 बाल कल्याण समितियों के साथ बैठक 13

3.13 आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में प्रतिष्ठित सप्ताह के दौरान गतिविधियां 15

3.14 गुवाहाटी में आयोजित क्षेत्रीय कार्यक्रम 15

3.15 हिंदी पखवाड़ा 16

3.16 सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2021 16

3.17 महिला दिवस समारोह 17

3.18 17 नवंबर, 2021 से प्रति सप्ताह दो बार रेफरल फिर से शुरू 17

3.19 बच्चों के दत्तक–ग्रहण के मामले में नियमों को आसान बनाना 17

अध्याय 4 : सांविधिक अनुपालन 18

4.1 सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 का अनुपालन 18

4.2 शिकायत प्रबंधन 19

4.3 कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न पर सूचना 19

अध्याय 5 : आंकडा–आधार 20

5.1 पिछले तीन वर्षों के दौरान दत्तक–ग्रहण के आंकड़े (समेकित) 20

5.2 दत्तक–ग्रहण (देशीय और अंतरराष्ट्रीय) का राज्य–वार और लिंग–वार विवरण 20

5.3 भारतीय बच्चों के अंतरराष्ट्रीय दत्तक–ग्रहण का देश–वार और लिंग–वार विवरण 22

5.4 देशीय दत्तक–ग्रहण का श्रेणी–वार विवरण 24

5.5 अंतरराष्ट्रीय दत्तक–ग्रहण का श्रेणी–वार विवरण 24

5.6 देशीय कुटुम्बी दत्तक–ग्रहण के मामलों में जारी किए गए पूर्व–अनुमोदन पत्र (जनवरी 2022 से मार्च 2022 तक प्रभावी) 24

5.7 अंतरराष्ट्रीय दत्तक–ग्रहण के ऐसे मामले जिनकी जांच की गई (2020–2021) 24

5.8 देशीय दत्तक–ग्रहण के लिए किए गए गृह अध्ययन के मामले (2020–2021) 24

अध्याय 6 : अनुलग्नक 25

परिशिष्ट–क : जिला बाल संरक्षण इकाइयों (डीसीपीयू) की राज्य–वार संख्या 25

परिशिष्ट–ख : विशिष्ट दत्तक–ग्रहण एजेंसियों (एसएए) की राज्य–वार संख्या 26

परिशिष्ट–ग : अधिकृत विदेशी दत्तक–ग्रहण एजेंसियों (एएफएए) की देश–वार संख्या 27

परिशिष्ट–घ : कारा/महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा विभिन्न हितधारकों को जारी किए गए महत्वपूर्ण परिपत्रों और एडवाइजरी की प्रतियां 28

अध्याय 7 : वर्ष 2021–22 की लेखा परीक्षा रिपोर्ट और वार्षिक लेखा 32

इन्दीवर पान्डेय, आई.ए.एस.
सचिव

INDEVAR PANDEY, I.A.S.
Secretary

Tel. : 011-23383586, 23386731
Fax : 011-23381495
E-mail: secy.wcd@nic.in

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
शास्त्री भवन, नई दिल्ली–110 001
Government of India
Ministry of Women & Child Development

G20 भारत 2023 INDIA

संदेश

जैसा कि आप सभी जानते हैं, किशोर न्याय (बालकों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के प्रमुख सिद्धांतों में से एक यह है कि बच्चों के कल्याण को बढ़ावा देने, पहचान के विकास को सुगम बनाने और समावेशी एवं सक्षम वातावरण प्रदान करने के लिए परिवार और समुदाय के संसाधनों सहित सभी संसाधनों का उपयोग किया जाना चाहिए ताकि बच्चों की कमजोरियों को कम किया जा सके। अधिनियम प्रत्येक बच्चे के कल्याण पर जोर देता है जो सबसे अधिक महत्वपूर्ण है।

विशेष रूप से किशोर न्याय (बालकों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 (2021 में संशोधित) के तहत भारत की दत्तक ग्रहण प्रणाली की नींव उचित रूप से अतिसावधान और बच्चों पर केंद्रित है और इस प्रक्रिया के मूल तत्व अच्छे और मजबूत हैं। हालांकि, कारा और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार सहित विभिन्न प्राधिकरणों और एजेंसियों द्वारा यह पाया गया है कि इस प्रणाली को और बेहतर एवं सुव्यवस्थित किया जा सकता है ताकि उन बच्चों को लाभान्वित किया जा सके जिनका जीवन प्यार और देखभाल करने वाले परिवारों द्वारा गोद लिए जाने से बहुत प्रभावित होता है।

जे.जे. अधिनियम की धारा 68 यह प्रावधान करती है कि कारा के प्रमुख कार्यों में से एक कार्य यह है कि वह दत्तक ग्रहण और संबंधित मामलों पर समय-समय पर आवश्यक विनियम तैयार करे। मंत्रालय ने कारा की गतिविधियों की समीक्षा करने के लिए कारा के साथ कई दौर की बैठकें कीं और इसके जवाब में कारा ने अपने संचालन में सुधार के लिए संशोधित विनियम तैयार करने के लिए कई क्षमता निर्माण कार्यक्रमों, वेबिनारों का आयोजन किया।

मैं कारा की संचालन समिति के अध्यक्ष के रूप में उन सभी के प्रति आभार व्यक्त करना चाहूंगा जिन्होंने अथक परिश्रम किया है और प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बच्चों के दत्तक ग्रहण में अपना योगदान दिया है। मैं विशेष रूप से बड़े बच्चों और विशेष जरूरतों वाले बच्चों को गोद लेने और उनके संस्थानीकरण को समाप्त करने वाले भावी माता-पिता को बधाई देता हूँ क्योंकि ये बच्चे चुनौतीपूर्ण शारीरिक और मानसिक स्थितियों से गुजर रहे हैं।

मैं राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों से आग्रह करता हूँ कि वे अपने डेटा बेस को मजबूत करें और अपने-अपने राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में गोद लेने के अपने कार्यक्रम को मजबूत करने के लिए काम करें ताकि गोद लेने योग्य बच्चों को अधिक संख्या में दत्तक ग्रहण के दायरे में लाया जा सके क्योंकि परिवार आधारित देखभाल से अनिवार्य रूप से सभी अनाथ और निराश्रित बच्चों के कल्याण और उनके स्थायित्व का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

इन्दीवर पान्डेय

(इन्दीवर पाण्डेय)
सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
अध्यक्ष, कारा की संचालन समिति
भारत सरकार

परिवर्णी शब्द

एआर	:	दत्तक–ग्रहण विनियम
एएफएए	:	अधिकृत विदेशी दत्तक–ग्रहण एजेंसी
सीए	:	केंद्रीय प्राधिकरण (अंतरराष्ट्रीय दत्तक–ग्रहण के संबंध में बच्चों के संरक्षण और सहयोग पर हेग कन्वेंशन, 1993 के तहत नामित सरकारी विभाग)
कारा	:	केंद्रीय दत्तक–ग्रहण संसाधन प्राधिकरण
केयरिंग्स	:	बाल दत्तक–ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली
सीसी	:	अनुरूपता प्रमाण पत्र
सीसीआई	:	बाल देखभाल संस्थान
सीडब्ल्यूसी	:	बाल कल्याण समिति
डीसीपीयू	:	जिला बाल संरक्षण इकाई
डीसीपीओ	:	जिला बाल संरक्षण अधिकारी
एचएसआर	:	गृह अध्ययन रिपोर्ट
आईसीपीएस	:	एकीकृत बाल विकास योजना
आईसीटी	:	सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी
आईडीएम	:	भारतीय राजनयिक मिशन
आईईसी	:	सूचना शिक्षा और संचार
जेजे अधिनियम	:	किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015
जेजे मॉडल नियमावली	:	किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) मॉडल नियमावली, 2016
एमआईएस	:	प्रबंध सूचना प्रणाली
एनओसी	:	अनापत्ति प्रमाण पत्र
एनआरआई	:	अनिवासी भारतीय
ओएएस	:	अनाथ, परित्यक्त और अध्यर्पित
ओसीआई	:	भारतीय प्रवासी नागरिक
पीएपी	:	भावी दत्तक माता–पिता
एसएए	:	विशिष्ट दत्तक–ग्रहण एजेंसी
एसएआरए	:	राज्य दत्तक–ग्रहण संसाधन एजेंसी
एसएनसी	:	विशेष आवश्यकता वाले बच्चे

1 अध्याय

प्रस्तावना

1.1 केंद्रीय दत्तक–ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा)

1.1.1 देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के लिए प्यार करने वाले परिवारों की तलाश करने के प्रमुख अधिदेश के साथ अनाथ, परित्यक्त या अध्यर्पित बच्चों के दत्तक–ग्रहण को विनियमित करने, निगरानी करने और बढ़ावा देने के लिए कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जून 1990 में केंद्रीय दत्तक–ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) की स्थापना की गई थी। 2 जुलाई, 1998 के केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णय के अनुसरण में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 18 मार्च 1999 को कारा को सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के तहत सोसाइटी के रूप में पंजीकृत करके इसे स्वायत्त संस्था का दर्जा प्रदान किया। जेजे अधिनियम, 2000 के तहत दत्तक–ग्रहण ने मान्यता प्राप्त एजेंसियों और प्राधिकरणों की भागीदारी के साथ बच्चों के दत्तक–ग्रहण में प्लेसमेंट को सक्षम बनाया ताकि संस्थागत बच्चों के दत्तक–ग्रहण में प्लेसमेंट के लिए सुरक्षोपाय सुनिश्चित किए जा सकें।

1.1.2 भारत सरकार द्वारा 15 जनवरी, 2016 को अधिसूचित जेजे अधिनियम 2015 की धारा 68 के माध्यम से कारा ने देश में दत्तक–ग्रहण को बढ़ावा देने; देशीय दत्तक–ग्रहण को सुगम बनाने; अंतरराष्ट्रीय दत्तक–ग्रहण को सुगम बनाने; दत्तक–ग्रहण से संबंधित मामलों पर विनियम बनाने और अंतरराष्ट्रीय दत्तक–ग्रहण को सुगम बनाने तथा बाल दत्तक–ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली (केयरिंग्स) के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय दत्तक–ग्रहण के लिए हेग कन्वेंशन के तहत केंद्रीय प्राधिकरण के रूप में कार्य करने के लिए वैधानिक निकाय का दर्जा प्राप्त किया। कारा अधिकतम बच्चों को दत्तक परिवारों के साथ गैर संस्थागत देखभाल में रखना चाहता है। कारा को 2003 में अंतरराष्ट्रीय दत्तक–ग्रहण के संबंध में बच्चों के संरक्षण और सहयोग पर हेग कन्वेंशन,1993 के तहत केंद्रीय प्राधिकरण के रूप में निर्दिष्ट किया गया। सदस्य सचिव और सीईओ केंद्रीय दत्तक–ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के अध्यक्ष हैं और इसमें अधिकारियों और कर्मचारियों के 37 स्वीकृत पद हैं।

1.1.3 किशोर न्याय (बालकों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 68 के तहत कारा को निम्नलिखित कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है:

(क) राज्य एजेंसियों के समन्वय में देशीय दत्तक–ग्रहण को बढ़ावा देना और अंतरराष्ट्रीय दत्तक–ग्रहण को सुगम बनाना;

(ख) अंतरराष्ट्रीय दत्तक–ग्रहण को विनियमित करना;

(ग) समय–समय पर आवश्यकता के अनुसार दत्तक–ग्रहण और संबंधित मामलों पर विनियम तैयार करना;

(घ) अंतरराष्ट्रीय दत्तक–ग्रहण के संबंध में बच्चों के संरक्षण और सहयोग पर हेग कन्वेंशन के तहत केंद्रीय प्राधिकरण के कार्यों को संपन्न करना;

(ङ) दत्तक–ग्रहण विनियम, 2017 के विनियम 37 के तहत प्रदान किए गए अन्य कार्य।

1.2 कारा की संचालन समिति

1.2.1 महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 69 के तहत 15 जनवरी, 2016 से लागू दो साल के कार्यकाल के लिए दिनांक 22 मार्च 2016 के कार्यालय ज्ञापन संख्या सीडब्ल्यू–II/26/7/2015 के माध्यम से कारा की संचालन समिति का गठन किया गया है। भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उप–खंड (पप) में प्रकाशित अधिसूचना संख्या 3035 दिनांक 12 अगस्त 2021 के माध्यम से 12 अगस्त 2021 से लागू दो साल के कार्यकाल के लिए गठित कारा की संचालन

समिति की वर्तमान संरचना नीचे दी गई है :

- ❑ श्री. इंदेवर पाण्डेय, सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार–अध्यक्ष (पदेन)
- ❑ सुश्री. सुकृति लिखी, अपर सचिव और वित्तीय सलाहकार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार– सदस्य (पदेन)
- ❑ सुश्री. इंद्रा मल्लो, संयुक्त सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार–सदस्य (पदेन)
- ❑ श्री. भास्कर सरमा, आयुक्त–सह–सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग, ओडिशा सरकार–सदस्य
- ❑ श्री. थिंगनम रोशन सिंह, एसएए, वांगखेई निंगथेमप्रुखरी मलखा लीकाई, इंफाल पूर्व–सदस्य
- ❑ श्री. बिमल कुमार त्यागी, सेवा भारती मध्य भारत, मातृछाया (शिशु कल्याण केंद्र) स्वामी रामतीर्थ नगर, भोपाल– सदस्य
- ❑ सुश्री. संगीता बंगीवार, पुणे (दत्तक माता–पिता)–सदस्य
- ❑ सुश्री. शिराली राधाकृष्ण तैयबजी, नई दिल्ली (अडाप्टी) –सदस्य
- ❑ प्रो. पूनम सक्सेना, वाइस चांसलर, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी–सदस्य
- ❑ सुश्री. तृप्ति गुरहा, संयुक्त सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार–सदस्य सचिव और सीईओ, कारा

1.2.2 वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान कारा की संचालन समिति ने विभिन्न नीतिगत मामलों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए। समिति ने अपनी बैठकों का आयोजन निम्नानुसार कियाः–

- 28वीं बैठक 22 अक्टूबर 2021को हुई
- 29वीं बैठक 05 जनवरी 2022 को हुई
- 30वीं बैठक संचलन आधार पर हुई

2
अध्याय

हालिया सरकारी अधिसूचनाएं

केंद्र सरकार ने हाल के वर्षों में दत्तक–ग्रहण से संबंधित मुद्दों पर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं और दत्तक–ग्रहण विनियम, 2017 के प्रस्तावित संशोधन में पाठों को शामिल किया गया है।

क) **भारत कार्ड धारक विदेशी नागरिकों (ओसीआई) का अधिकार (4मार्च, 2021)** : दिनांक 4 मार्च 2021 के नोटिस के अनुसार, दत्तक–ग्रहण के मामले में भारत के पंजीकृत प्रवासी नागरिकों को अनिवासी भारतीयों के साथ समानता प्रदान की गई है।

ख) **किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 में संशोधन (9 अगस्त, 2021)** : 9 अगस्त, 2021 को सरकारी अधिसूचना के माध्यम से किशोर न्याय अधिनियम, 2015 में संशोधन किए गए हैं और संशोधनों की सबसे महत्वपूर्ण विशेषताओं में से एक विशेषता यह है कि इसमें मामलों का त्वरित निपटान सुनिश्चित करने और जवाबदेही बढ़ाने के लिए अपर जिला मजिस्ट्रेट सहित जिला मजिस्ट्रेट को जेजे अधिनियम की धारा 61 के तहत दत्तक–ग्रहण आदेश जारी करने के लिए अधिकृत किया गया है। दत्तक–ग्रहण के मामले में जिलाधिकारी को शिकायत निवारण प्राधिकारी के रूप में और संभागीय आयुक्त को अपीलीय प्राधिकारी के रूप में कार्य करना होता है। अधिनियम के तहत जिलाधिकारियों को इसका सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के साथ–साथ संकट की स्थिति में बच्चों के पक्ष में समन्वित प्रयासों का सुनिश्चय करने की शक्ति प्रदान की गई है।

ग) **विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों की भूमिका (11 अगस्त, 2021)** : केंद्र सरकार ने 11 अगस्त, 2021 को अधिसूचना जारी की जिसके माध्यम से भारतीय दत्तक माता–पिता को दत्तक–ग्रहण के बाद के उनके फॉलो–अप को पूरा किए बिना भी विदेशों में स्थानांतरित होने में सक्षम बनाया गया और दत्तक–ग्रहण के बाद की उनकी अनुवर्ती रिपोर्ट को भारतीय मिशनों द्वारा पूरा किया जाना है।

घ) **हिंदू दत्तक–ग्रहण और भरण–पोषण अधिनियम, 1956 (एचएएमए) पर विनियम (17 सितंबर, 2021)**: सरकार ने 17 सितंबर, 2021 को देश के बाहर रहने वाले हिंदू भावी दत्तक माता–पिता या दत्तक माता–पिता द्वारा गोद लेने से संबंधित प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए "हिंदू दत्तक–ग्रहण और भरण–पोषण अधिनियम, 1956 के तहत ऐसे व्यक्तियों द्वारा गोद लिए गए बच्चों के लिए प्रक्रिया जो विदेशों में स्थानांतरित होना चाहते हैं" को अधिसूचित किया है। कारा को दत्तक–ग्रहण के ऐसे मामलों में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सत्यापन और प्राप्तकर्ता देश से आवश्यक अनुमति के आधार पर एनओसी जारी करने का अधिकार दिया गया है।

सरकारी अधिसूचना जारी होने के बाद से, जिला मजिस्ट्रेटों ने अप्रैल 2021 से मार्च 2022 के बीच 22 एचएएमए सत्यापन प्रमाण पत्र प्रदान किए हैं।

महत्वपूर्ण कार्यक्रम और गतिविधियाँ

3 अध्याय

3.1 एसएए–सीसीआई लिंकेज

माता–पिता की देखभाल से वंचित हर बच्चे तक पहुंचने के उद्देश्य से विशिष्ट दत्तक–ग्रहण एजेंसियों (एसएए) और बाल देखभाल संस्थानों (सीसीआई) के बीच लिंकेज स्थापित किया गया है। माता–पिता की देखभाल से वंचित हर बच्चे तक पहुंचने के उद्देश्य से सीसीआई के अनिवार्य पंजीकरण और एसएए के साथ लिंकेज के लिए भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुसार राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में एसएए–सीसीआई लिंकेज में तेजी लाई गई है। 30 दिसंबर, 2021 तक की स्थिति के अनुसार,जेजे अधिनियम, 2015 की धारा 41 के प्रावधानों के अनुसार 5925 बाल देखभाल संस्थानों (सीसीआई) को पंजीकृत किया गया है, जिनमें से 5725 सीसीआई को जेजे अधिनियम, 2015 की धारा 66 के प्रावधान के अनुसार एसएए से जोड़ा गया है और शेष सीसीआई को जोड़ने का कार्य लंबित है। इसमें मौजूदा 484 एसएए शामिल नहीं हैं जो किशोर न्याय अधिनियम, 2015(2021 में संशोधित) की धारा 2(21) के अनुसार सीसीआई भी हैं। इस अवधि के दौरान विशिष्ट दत्तक–ग्रहण एजेंसियों के अलावा अन्य बाल देखभाल संस्थानों के कई बच्चों को परिवार मिला।

3.2 कारा हेल्पलाइन और शिकायतों का निपटानः

दत्तक–ग्रहण की प्रक्रिया में अन्य हितधारकों सहित भावी दत्तक माता–पिता (पीएपी) से मुख्य रूप से शिकायतें प्राप्त होती हैं। शिकायतें मुख्य रूप से चिकित्सा आधार, दत्तक–ग्रहण की प्रक्रिया में देरी, वरिष्ठता की स्थिति, एसएए की दत्तक–ग्रहण समिति द्वारा अस्वीकृति आदि से संबंधित होती हैं। कारा द्वारा ऐसे मामलों में समय पर हस्तक्षेप किया जाता है जहां अदालती कार्यवाही में देरी होती है, बाल कल्याण समिति के स्तर पर मामला लंबित होता है और पासपोर्ट और जन्म प्रमाण पत्र आदि के मामले में देरी होती है।

सक्षम शिकायत प्रबंधन प्रक्रिया की गारंटी देने के लिए पूरी शिकायत साइट को फिर से डिजाइन किया जा रहा है जो संस्था की प्रतिष्ठा की रक्षा करते हुए, अनुपालन के उच्च मानकों को लागू करते हुए और गैर अनुपालन के लिए अधिकारियों को जवाबदेह बनाते हुए समय पर, सम्मानजनक और सक्रिय तरीके से सरोकारों से निपटती है।

3.3 संसदीय समिति की समीक्षा

17 नवंबर, 2021 को ''संरक्षण और दत्तक–ग्रहण कानूनों की समीक्षा'' पर संसदीय उप समिति की एक बैठक का भी आयोजन किया गया तथा संसदीय समिति ने दत्तक–ग्रहण कार्यक्रम के कामकाज का आकलन करने के लिए एक स्थानीय दत्तक–ग्रहण एजेंसी का दौरा भी किया और इसने कुछ प्रश्न उठाए हैं जिनका अलग से जवाब दिया जा रहा है। दत्तक–ग्रहण से पहले, दत्तक–ग्रहण के दौरान और दत्तक–ग्रहण के बाद की प्रक्रियाओं सहित विभिन्न चरणों पर दत्तक–ग्रहण की प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए राज्यों को सीडब्ल्यूसी, डीसीपीयू और एसएए की भागीदारी के साथ जेजे अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों को लागू करते पाया गया है।

3.4 राज्य समन्वय

अंतरराष्ट्रीय समन्वय अनुभाग ने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और दत्तक–ग्रहण की प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न हितधारकों के साथ समन्वय किया, जिसमें देश भर में राज्य दत्तक–ग्रहण संसाधन एजेंसियां (एसएआरए), जिला बाल संरक्षण इकाइयां (डीसीपीयू), बाल कल्याण समितियां (सीडब्ल्यूसी), विशिष्ट दत्तक–ग्रहण एजेंसियां (एसएए) और बाल देखभाल संस्थान (सीसीआई) शामिल हैं।

इस अनुभाग ने देशीय दत्तक–ग्रहण के मामलों में विदेश जाने/पुर्णस्थापना के लिए समर्थन पत्र और देशीय दत्तक–ग्रहण के लिए आवश्यक पूर्व–अनुमोदन पत्र जारी करने से संबंधित कार्यों को पूरा किया।

अनुभाग ने अन्य कार्यों को भी अंजाम दिया जैसे कि साप्ताहिक रेफरल चक्र, भौतिक/टेलीफोनिक परामर्श, भावी दत्तक माता–पिता (पीएपी) और दत्तक–ग्रहण एजेंसियों से प्राप्त शिकायतों और केयरिंग्स पोर्टल से संबंधित मुद्दों का निवारण। सीडब्ल्यूसी और न्यायालय के स्तर पर देरी को कम करने के प्रयास किए गए हैं।

3.5 विशेष आवश्यकताओं वाले और बड़े बच्चों का पुनर्वास

वित्त वर्ष के दौरान और विशेष रूप से दत्तक–ग्रहण माह के दौरान कारा ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के पुनर्वास पर विशेष ध्यान दिया। ऐसा बच्चा विशेष आवश्यकता वाला बच्चा होता है जो मानसिक रूप से बीमार या शारीरिक रूप विकलांग या दोनों होता है। मुख्य अपंगताओं में दिखाई न देना, सेरेब्रल पाल्सी, कटे होंठ तालु, जुड़े पैर, सुनाई न देना इत्यादि शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय दत्तक–ग्रहण माह (नवंबर) के दौरान केयरिंग्स पोर्टल पर कुल 496 बच्चे लाइव थे, जिसका उद्देश्य ऐसे परिवारों के साथ उनका पुनर्वास करना था जो विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को गोद लेना चाहते थे। 15 नवंबर से 16 दिसंबर 2022 के दौरान विशेष आवश्यकता वाले 285 बच्चों को आरक्षित किया गया था।

3.6 दत्तक–ग्रहण विनियम पर मांगे गए सुझाव

वर्ष 2021 में कई सरकारी अधिसूचनाओं (9 अगस्त 2021 को जेजे अधिनियम 2015 में संशोधन, 17 सितंबर 2021 को एचएएमए पर विनियमों की अधिसूचना, 4 मार्च 2021 को ओसीआई कार्ड धारकों के अधिकार पर अधिसूचना और 11 अगस्त 2021 को विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों की भूमिका पर अधिसूचना) की पृष्ठभूमि में और विनियमों में संशोधन के लिए हितधारकों द्वारा की गई टिप्पणियों के बाद, प्रणाली को और सरल बनाने और देश के दत्तक–ग्रहण कार्यक्रम को कारगर बनाने के लिए मौजूदा विनियमों में बदलाव करना आवश्यक समझा गया। इस संबंध में, सभी हितधारकों के साथ कई परामर्श बैठकों का आयोजन किया गया।

3.7 जम्मू और कश्मीर में कार्यक्रम

संघ राज्य क्षेत्र जम्मू और कश्मीर, जो पहले राज्य था, ने किशोर न्याय (बालकों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के संदर्भ में गठित केंद्रीय दत्तक–ग्रहण संसाधन एजेंसी (कारा) के मार्गदर्शन में दत्तक–ग्रहण से संबंधित मामलों से निपटने के लिए राज्य दत्तक–ग्रहण संसाधन एजेंसी (एसएआरए) का गठन किया है। यह एजेंसी इस संघ राज्य क्षेत्र में दत्तक–ग्रहण के कार्यक्रम के प्रचार, सुगमता, निगरानी और विनियमन के लिए जम्मू और कश्मीर सरकार की कार्यकारी शाखा के रूप में भी काम करेगी और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा जारी किए गए दत्तक–ग्रहण विनियम, 2017 के तहत निर्धारित कार्यों को करेगी।

3.8 कोविड–19 से जुड़ी पहलें

देश में नॉवेल कोरोनावायरस कोविड–19 के अभूतपूर्व प्रसार, राष्ट्रीय लॉकडाउन और बाद में अनलॉक के लिए दिशानिर्देश जारी होने के दौरान, कारा ने भारत सरकार द्वारा जारी यात्रा/एहतियाती सलाह के अनुसार दत्तक–ग्रहण कार्यक्रम के सुचारू संचालन को सुगम बनाया।

3.9 बाल दत्तक–ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली (केयरिंग्स)

3.9.1 बाल दत्तक–ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली (केयरिंग्स) दत्तक–ग्रहण पर एक ई–गवर्नेंस पहल है और कारा की आधिकारिक वेबसाइट यानी www.cara.nic.in पर होस्ट की गई, जिसमें विभिन्न हितधारकों को नियंत्रण आधारित पहुंच प्रदान की गई है। यह दो डेटाबेस को एकीकृत करता है। इसे फरवरी 2011 में लॉन्च किया गया, 2015 में और नया रूप दिया गया और इसे कारा की आधिकारिक वेबसाइट यानी www.cara.nic.in पर होस्ट किया जा रहा है। यह वेब आधारित निगरानी प्रणाली पूरे देश में दत्तक–ग्रहण की पारदर्शी और बालोनुकूल प्रक्रिया प्रदान करती है। यह प्रणाली त्वरित और सुचारू दत्तक–ग्रहण को सुगम बनाती है, दत्तक–ग्रहण की प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करती है, कार्यान्वयन एजेंसियों की जवाबदेही बढ़ाती है, हितधारकों के एक नेटवर्क का निर्माण करती है और प्रभावी नीति निर्माण और अनुसंधान को सक्षम करने के लिए एक राष्ट्रीय डेटाबेस का अनुरक्षण करती है। केयरिंग्स केंद्रीय स्तर पर कारा और राज्य स्तर पर एसएआरए द्वारा दत्तक–ग्रहण के दौरान और दत्तक–ग्रहण के बाद की प्रक्रिया की

ऑनलाइन निगरानी प्रदान करता है।

3.9.2 केयरिंग्स दत्तक–ग्रहण की प्रक्रिया का केंद्र बन गया है और एक ई–गवर्नेंस टूल के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और इसे एकमात्र प्रणाली या प्लेटफॉर्म के रूप में नामित किया गया है जिसके माध्यम से कानूनी दत्तक–ग्रहण को प्रोसेस किया जा सकता है। केयरिंग्स कारा से जुड़ने के लिए देश की लगभग 484 विशिष्ट दत्तक–ग्रहण एजेंसियों, 734 जिला बाल संरक्षण इकाइयों एवं 34 राज्य दत्तक–ग्रहण संसाधन एजेंसियों और साथ ही प्राप्तकर्ता देशों के केंद्रीय प्राधिकरणों, 65 अधिकृत विदेशी दत्तक–ग्रहण एजेंसियों, 44 केंद्रीय प्राधिकरणों और विदेशों में स्थित 21 भारतीय राजनयिक मिशनों जैसे अंतर्राष्ट्रीय निकायों के लिए भी मंच प्रदान करता है।

3.9.3 स्वचालित प्रणाली दत्तक–ग्रहण के लिए उपलब्ध बच्चों का दत्तक माता–पिता के पसंदीदा बच्चों के साथ स्वचालित रूप से मिलान करती है और किसी मानवीय हस्तक्षेप के बगैर स्वचालित रूप से ऑनलाइन रेफरल देती है। नीतियों की समीक्षा पर ऐसा करने की आवश्यकता होने पर स्वचालित रूप से नीति आधारित निर्णय लेने के लिए प्रणाली को गतिशील रूप से बदला जा सकता है। उपयोगकर्ता के अनुकूल ऑनलाइन वेब इंटरफेस में एजेंसियों और प्राधिकरणों के कार्यों के निर्वहन के लिए दो संचालन मॉड्यूल (कार्यान्वयन और निगरानी मॉड्यूल) हैं। यह प्राधिकरणों और एजेंसियों को निम्नलिखित कार्य करने में सक्षम बनाता है:–

3.9.4 इस अवधि के दौरान केयरिंग्स 3.2 नामक नया सरलीकृत ऑनलाइन पोर्टल कार्यशील किया गया है जिसमें नए देशीय कुटुम्बी दत्तक–ग्रहण और देशीय दत्तक–ग्रहण के बाद अनुवर्ती मॉड्यूल शामिल हैं। कारा कुटुम्बी दत्तक–ग्रहण पोर्टल के माध्यम से घरेलू रिश्तेदार और सौतेले दत्तक–ग्रहण के बारे में जानकारी एकत्र करने में सक्षम है। इसके अलावा, दत्तक–ग्रहण के बाद के अनुवर्ती मॉड्यूल के माध्यम से ऐसी रिपोर्टों के लंबित होने की स्थिति की निगरानी की जा सकती है। कारा और इसके हितधारकों द्वारा केयरिंग्स के माध्यम से दत्तक–ग्रहण की संपूर्ण प्रक्रिया की ऑनलाइन निगरानी की जा सकती है।

- एसएआरए और डीसीपीयू को स्थानीय स्तर पर एसएए की गतिविधियों की निगरानी करने की जिम्मेदरी सौंपी गई है।
- दत्तक–ग्रहण प्रक्रिया की ऑनलाइन निगरानी विभिन्न स्तरों पर देरी को समझने और प्रणाली की कमियों को दूर करने में मदद करती है।
- समयबद्ध तरीके से महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए डेटा का विश्लेषण संभव है।
- केयरिंग्स पर दत्तक–ग्रहण एजेंसियों का पंजीकरण।
- पीएपी का ऑनलाइन पंजीकरण।
- विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का शीघ्र प्लेसमेंट।
- दत्तक–ग्रहण के बाद की अनुवर्ती कार्रवाई को ऑनलाइन दर्ज किया जाना है।
- एसएए के साथ लिंकेज के माध्यम से अन्य सीसीआई में रखे गए बच्चों का दत्तक–ग्रहण।
- घरेलू दत्तक–ग्रहण को प्राथमिकता सुनिश्चित करना।
- पीएपी से सुझाव/फीडबैक प्राप्त करने के लिए पीएपी फीडबैक मॉड्यूल तैयार किया गया है।

3.9.5 केयरिंग्स और क्षेत्रीय जरूरतों एवं आवश्यकताओं के बारे में प्रतिभागियों से फीडबैक प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया गया है:–

- संबंधित केंद्रीय प्राधिकरण / सरकारी विभाग/एएफएए/भारतीय राजनयिक मिशन (5 अप्रैल, 2021)
- गोवा के नए भर्ती किए गए आईसीपीएस कर्मचारी और एसएआरए के कार्यक्रम प्रबंधक (24 जून, 2021)
- उत्तर प्रदेश के एसएए एवं एसएआरए के जिला परिवीक्षा अधिकारी/जिला बाल संरक्षण अधिकारी/संरक्षण अधिकारी/सदस्य (06 जुलाई, 2021 एवं 07 जुलाई, 2021)
- यूरोप, संयुक्त अरब अमीरात और एशिया प्रशांत क्षेत्र के लिए नए केयरिंग्स–एएफएए मॉड्यूल (17 अगस्त, 2021)
- एसएआरए चंडीगढ़ (संघ राज्य क्षेत्र) के लिए दत्तक–ग्रहण विनियम,2017 और केयरिंग्स (26 अगस्त, 2021)
- पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र के एसएआरए, एसएए

और डीसीपीयू के लिए नए केयरिंग्स का प्रशिक्षण (06 अक्टूबर, 2021)

- पूर्वोत्तर राज्यों के लिए केयरिंग्स का प्रशिक्षण (13 अक्टूबर, 2021)
- उत्तर प्रदेश के एसएआरए के लिए केयरिंग्स का प्रशिक्षण (7 सितंबर, 2021)
- गोवा के एसएआरए के लिए केयरिंग्स का प्रशिक्षण (30 जून, 2021)

3.10 **प्रशिक्षण एवं विकास से संबंधित गतिविधियां:** दत्तक–ग्रहण कार्यक्रम पर प्रशिक्षण प्रदान करने एवं जागरूकता फैलाने और देश में कानूनी दत्तक–ग्रहण को बढ़ावा देने के लिए, कारा विभिन्न हितधारकों के लिए प्रबोधन और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है। इसका विवरण आगे के पैराग्राफों में दिया गया है। सरकार की लॉकडाउन की पहल के साथ वैश्विक महामारी कोविड–19 की अभूतपूर्व स्थिति के कारण गतिविधियों में जानबूझकर बदलाव किया गया है।

वेबिनार के माध्यम से वर्चुअल रूप में निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए:–

क्र.सं.	विवरण	आयोजन की तिथि
1.	एएफएए और सीए और आईडीएम (यूएसए, कनाडा, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका) के लिए नए केयरिंग्स का प्रशिक्षण	15 अप्रैल 2021
2.	एनओसी समिति के सदस्यों का प्रवेशण प्रशिक्षण	13 मई 2021
3.	पश्चिम बंगाल के एसएआरए के लिए दत्तक–ग्रहण में रखे गए बच्चों के पुनर्वास के लिए कोविड–19 के दौरान सामना किए जा रहे मुद्दों और चुनौतियों पर प्रशिक्षण	28 और 29 मई 2021
4.	दत्तक–ग्रहण प्रक्रिया, एसएआरए छत्तीसगढ़	2 जून 2021
5.	सिक्किम न्यायिक अकादमी (दत्तक–ग्रहण प्रक्रिया)	14 अगस्त 2021
6.	नया केयरिंग्स प्रशिक्षण (एएफएए और सीए और आईडीएम, यूरोप, एशिया, खाड़ी देश और अन्य सभी देश)	17 अगस्त 2021
7.	दत्तक–ग्रहण प्रक्रिया और केयरिंग्स, एसएआरए चंडीगढ़ (संघ राज्य क्षेत्र)	26 अगस्त 2021
8.	संशोधित जेजे अधिनियम, 2021 के आलोक में दत्तक–ग्रहण विनियम, 2021 में प्रस्तावित संशोधनों पर चर्चा (राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के प्रधान सचिव, निदेशक, भारतीय राजनयिक मिशन, एसएआरए, डीसीपीयू और एसएए के कार्यक्रम प्रबंधक)	1 नवम्बर 2021
9.	दत्तक–ग्रहण के विनियमों में बदलाव और एनआरआई और ओसीआई पीएपी पर उनके प्रभाव पर वेबिनार (राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के प्रधान सचिव, निदेशक, भारतीय राजनयिक मिशन, एसएआरए, डीसीपीयू और एसएए के कार्यक्रम प्रबंधक)	15 नवम्बर 2021
10.	पश्चिम बंगाल के एसएआरए के लिए केयरिंग्स पर प्रशिक्षण	23 दिसंबर 2021

3.11 दत्तक–ग्रहण जागरूकता माह – नवंबर 2021

नवंबर के महीने को दत्तक–ग्रहण जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय दत्तक–ग्रहण माह का विषय ''दिव्यांग और बड़े बच्चों का दत्तक–ग्रहण'' था। दत्तक–ग्रहण जागरूकता माह – नवंबर 2021 के दौरान, दत्तक–ग्रहण के उद्देश्य से केयरिंग्स पोर्टल पर विशेष आवश्यकता वाले कुल 496 बच्चों की प्रोफाइल अपडेट की गई। दत्तक–ग्रहण विनियम, 2017 की अनुसूची XVIII के अनुसार, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को वर्गीकृत किया गया। मुख्य अपंगताओं में दिखाई न देना, सेरेब्रल पाल्सी, कटे होंठ–कटे तालु, जुड़े पैर, सूनाई न देना, जन्मजात हृदय रोग, हीमोफिलिया, हेपेटाइटिस बी, हर्निया, एचआईवी, हाइड्रोसेफलस, जन्म के समय कम वजन, समय से पहले जन्म, गायब अंग, बोल न पाना, थैलेसीमिया, ट्यूमर, बौद्धिक अक्षमता, ऑटिज्म, दौरे, मानसिक बीमारी और स्पाइनल बिफिडा शामिल थे। भारी प्रतिक्रिया प्राप्त हुई थी। इस अभियान के प्रत्यक्ष परिणाम के रूप में विशेष आवश्यकता वाले 50 प्रतिशत से अधिक बच्चों, यानी 274 बच्चों को एक महीने के भीतर भावी दत्तक माता–पिता द्वारा आरक्षित किया गया। माह के दौरान, कारा ने निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया :

- ❑ दत्तक–ग्रहण विनियम, 2017 के संशोधनों पर 01 नवंबर 2021 और 15 नवंबर 2021 को वेबिनार आयोजित किया गया जिसमें भाग लेने वालों में भारतीय राजनयिक मिशनों, राज्य सरकारों, एसएआरए और डीसीपीयू के प्रतिभागी शामिल थे।
- ❑ हितधारकों के बीच आवश्यक जागरुकता पैदा करने के लिए 05 राज्यों (बिहार, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल) के साथ चर्चापरक बैठकों का आयोजन किया गया। कारा के अधिकारियों ने उनके मुद्दों और सरोकारों को समझने के लिए प्रत्येक राज्य में दो एसएए का दौरा भी किया।
- ❑ पूर्वोत्तर राज्यों के डीसीपीयू और एसएआरए के लिए निपसिड, गुवाहाटी के सहयोग से क्षेत्रीय स्तर के दो कार्यक्रम आयोजित किए गए।

3.11.1 दत्तक माता–पिता और भावी दत्तक माता–पिता सम्मेलन, बैंगलोर

श्री संजय बर्शिलिया, निदेशक (कार्यक्रम) और श्री सैमुअल वर्गीज पी, सहायक निदेशक (कार्यक्रम) ने 19 नवंबर 2021 को एसएए अर्थात सेंट माइकल होम कॉन्वेंट और मातृछाया का दौरा किया। उनके साथ राज्य सरकार के अधिकारी भी थे। 20 नवंबर, 2021 को जवाहर बाल भवन, बैंगलोर में दत्तक माता–पिता और

सेंट माइकल होम कॉन्वेंट, बैंगलोर

भावी दत्तक माता–पिता की बैठक आयोजित की गई। सुश्री पल्लवी अकुरति, निदेशक, आईसीपीएस और एसएआरए, कर्नाटक द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। श्री संजय बर्शिलिया, निदेशक (कार्यक्रम), कारा ने जेजे अधिनियम 2021 में हाल के संशोधनों और दत्तक–ग्रहण विनियमों में अन्य परिवर्तनों के बारे में बताया। उन्होंने कार्यक्रम में दत्तक माता–पिता के साथ–साथ भावी दत्तक माता–पिता द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी उत्तर दिया। दत्तक माता–पिता और भावी दत्तक माता–पिता दोनों ने अपने अनुभव साझा किए। बैठक के दौरान निदेशक, आईसीपीएस, कर्नाटक और निदेशक, कारा ने एसएआरए, कर्नाटक द्वारा बाल विकास के संबंध में किए गए कार्यों से संबंधित कुछ पुस्तिकाओं का विमोचन किया। एसएए के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 300 दत्तक माता–पिता के साथ–साथ भावी दत्तक माता–पिता ने भाग लिया।

दत्तक माता–पिता और भावी दत्तक माता–पिता सम्मेलन, बैंगलोर

3.11.2 दत्तक माता–पिता और भावी दत्तक माता–पिता सम्मेलन, पुणे (महाराष्ट्र)

13 नवंबर 2021 को कारा के सहयोग से एसएआरए, महाराष्ट्र द्वारा पुणे में कानूनी दत्तक–ग्रहण को बढ़ावा देने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में, एसएए के साथ पीएपी और दत्तक माता–पिता को आमंत्रित किया गया था। राइटिंग किट और स्नैक्स हैम्पर प्रदान करके सभी आमंत्रितों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। प्रश्नोत्तर सत्र में भाग लेने के लिए डॉ. जगन्नाथ पति, संयुक्त निदेशक (कारा), श्रीमती मनीषा बिरारिस, सहायक आयुक्त (महाराष्ट्र राज्य बाल संरक्षण सोसाइटी, राज्य सरकार के प्रतिनिधि के रूप में), श्रीमती अश्विनी कांबले (जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी), डॉ. जयवंत नवरांगे (बाल रोग विशेषज्ञ) बैठक में उपस्थित थे। दत्तक माता–पिता और भावी दत्तक माता–पिता दोनों ने अपने अनुभव साझा किए। एक बच्चे को गोद लेने वाले एक वृद्ध व्यक्ति के अनुभव बहुत प्रभावशाली, मनोरम और रोमांचकारी करने वाले थे।

पुणे में दत्तक माता–पिता और भावी दत्तक माता–पिता सम्मेलन

डॉ. जगन्नाथ पति, संयुक्त निदेशक (कारा) और राज्य सरकार के अधिकारियों ने दो एसएए यानी अरुणाश्री और कौसुम्बई मोटिच और महिला आश्रम का दौरा किया, ताकि एजेंसियों को अन्य समस्याओं के साथ–साथ उनकी अवसंरचना, रखरखाव, काम करने के तरीके, प्रकृति और व्यवहार और केयरिंग्स पोर्टल के उपयोग के बारे में जानकारी दी जा सके। अपना समर्थन दर्शाते हुए, उन्होंने उन्हें अच्छा काम करते रहने के लिए प्रोत्साहित भी किया।

अरुणाश्रय, पुणे में फील्ड विजिट

3.11.3 दत्तक माता–पिता और भावी दत्तक माता–पिता सम्मेलन, पटना

27 नवंबर 2021 को कारा के सहयोग से कॉन्फ्रेंस हॉल, एसआईएचएफडब्ल्यू, शेखपुरा, पटना में भावी दत्तक माता–पिता और दत्तक माता–पिता, डीसीपीयू, एसएए, सीडब्ल्यूसी और अन्य सरकारी अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में कारा के प्रतिनिधियों और राज्य सरकार के अधिकारियों ने भाग लिया।

दत्तक माता–पिता और भावी दत्तक माता–पिता सम्मेलन, पटना

3.11.4 दत्तक माता–पिता और भावी दत्तक माता–पिता सम्मेलन, कोलकाता

27 नवंबर 2021 को कोविड के कारण विधाननगर के नगर निगम के खुले मैदान में 'दत्तक माता–पिता और भावी दत्तक माता–पिता बैठक' का आयोजन किया गया। बैठक में डब्ल्यूसीडीएसडब्ल्यू के सचिव, डब्ल्यूबीएससीपीसीआर के अध्यक्ष, एसएआरए के शासी निकाय के सदस्यों और कारा के प्रतिनिधि ने भाग लिया। कार्यक्रम में सार्थक विचार–विमर्श के लिए अपने बच्चों के साथ दत्तक माता–पिता, भावी दत्तक माता–पिता ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इसके बाद बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। कारा के प्रतिनिधि ने एक दत्तक–ग्रहण एजेंसी का दौरा भी किया ताकि उसके मुद्दों और सरोकारों को समझा जा सके।

दत्तक माता–पिता और भावी दत्तक माता–पिता सम्मेलन, कोलकाता

3.11.5 दत्तक माता–पिता और भावी दत्तक माता–पिता सम्मेलन, लखनऊ

28 नवंबर 2021 को एसएआरए, उत्तर प्रदेश के सहयोग से निपसिड के क्षेत्रीय केंद्र परिसर, लखनऊ में भावी दत्तक माता–पिता और दत्तक माता–पिता की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य उनके मुद्दों और सरोकारों पर चर्चा करना और कानूनी दत्तक–ग्रहण की प्रक्रिया में उनके सामने आने वाली कठिनाइयों का समाधान करना था। कारा के प्रतिनिधि ने शहर में दो एसएए का दौरा भी किया।

दत्तक और भावी दत्तक माता–पिता
सम्मेलन और कानूनी दत्तक–ग्रहण संवर्धन सम्मेलन, लखनऊ

लखनऊ में एक दत्तक–ग्रहण एजेंसी का दौरा

3.12 बाल कल्याण समितियों के साथ बैठक

कारा ने दत्तक–ग्रहण के दायरे में अधिक बच्चों को लाने के लिए अपने स्तर पर पेंडेंसी को दूर करने के लिए मार्च के महीने में बाल कल्याण समितियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया। पटना, चेन्नई, तिरुवल्लूर, अहमदनगर और औरंगाबाद में आयोजित बैठकों के कुछ अंश नीचे दिए गए हैं।

10.03.2022 को सीडब्ल्यूसी के साथ बैठक

10 मार्च 2022 को बाल कल्याण समिति के साथ बैठक

12 मार्च 2022 को बाल कल्याण समिति, तिरुवल्लुर के साथ बैठक

25 मार्च 2022 को बाल कल्याण समिति, अहमदनगर के साथ बैठक

26 मार्च 2022 को बाल कल्याण समिति, औरंगाबाद के साथ बैठक

10 मार्च 2022 को बाल कल्याण समिति, जयपुर के साथ बैठक

10 मार्च 2022 को बाल कल्याण समिति, धेनकनाल के साथ बैठक

3.13 'आजादी का अमृत महोत्सव' के हिस्से के रूप में प्रतिष्ठित सप्ताह के दौरान गतिविधियां

14 से 21 नवंबर 2021 तक 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अवसर पर, कारा ने 15 नवंबर 2021 को दत्तक–ग्रहण के विनियमों में प्रस्तावित बदलावों और एनआरआई और ओसीआई पीएपी पर उनके प्रभाव पर एक वेबिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन सुश्री तृप्ति गुरहा, सीईओ (कारा) ने किया और श्री संजय बर्शिलिया, निदेशक कार्यक्रम और डॉ. जगन्नाथ पति, संयुक्त निदेशक ने प्रतिभागियों को संबोधित किया, जिसमें राज्यों के महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख सचिव, निदेशक, भारतीय राजनयिक मिशन, एसएआरए प्रबंधक, डीसीपीयू और एसएए शामिल थे।

3.14 गुवाहाटी में आयोजित क्षेत्रीय कार्यक्रम

श्रीमती तृप्ति गुरहा, सीईओ और सदस्य सचिव (कारा) ने दत्तक–ग्रहण से संबंधित मुद्दों पर पूर्वोत्तर के हितधारकों के अभिसंस्करण के संबंध में 17 और 18 नवंबर, 2021 को गुवाहाटी का दौरा किया। उन्होंने विभिन्न हितधारकों के साथ बातचीत की और सभी प्रतिभागियों को क्षेत्र में कानूनी दत्तक–ग्रहण को बढ़ावा देने की सलाह दी। जेजे संशोधन अधिनियम, जेजे नियमावली और दत्तक–ग्रहण विनियमों में प्रस्तावित परिवर्तनों को समझने के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से बाल संरक्षण सेवाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग साठ प्रतिभागियों ने भाग लिया।

3.15 **'हिंदी पखवाड़ा'**: 15 से 30 सितंबर, 2021 के दौरान हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। 'हिंदी पखवाड़ा' के दौरान निबन्ध लेखन, स्वरचित कविता पाठ, वाद–विवाद, टिप्पण, राजभाषा और सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

3.16 **सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2021** : ''स्वतंत्र भारत के 75 वर्ष : सत्यनिष्ठा के साथ आत्मनिर्भरता'' विषय पर अक्टूबर–नवंबर के महीने में सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2021 मनाया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2021 के दौरान कारा के कार्यालय में निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया :

1) शपथ लेना
2) कारा के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने सीवीसी की साइट पर ऑनलाइन शपथ भी ली।

3.17 महिला दिवस समारोह : 8 मार्च 2021 को केंद्रीय दत्तक–ग्रहण संसाधन प्राधिकरण में कार्यालय की सभी महिला कर्मचारियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कारा का हिस्सा बनने के लिए उनका धन्यवाद किया गया।

3.18 17 नवंबर, 2021 से प्रति सप्ताह दो बार रेफरल फिर से शुरू कर दिया गया है : इसके परिणामस्वरूप अधिक बच्चों को दत्तक–ग्रहण के दायरे में लाया गया है। कोविड–19 के दौरान, रेफरल को सप्ताह में केवल एक बार संचालित किया जा सकता था।

3.19 बच्चों के दत्तक–ग्रहण के मामले में नियमों को आसान बनाना : हिंदू दत्तक–ग्रहण और भरण–पोषण अधिनियम, 1956 के तहत बच्चों को विदेश में स्थानांतरित करने की इच्छा रखने वाले माता–पिता द्वारा गोद लिए गए बच्चों के लिए प्रक्रिया दिनांक 17 सितंबर, 2021 की सरकारी अधिसूचना में निर्धारित की गई है जिसने एनआरआई/ओसीआई पीएपी को कम प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं के साथ गोद लेने में सक्षम बनाया है।

सांविधिक अनुपालन:

4 अध्याय

4.1 सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 का अनुपालन

4.1.1 कारा ने श्री कमल किशोर, उप निदेशक (प्रशा.) को आरटीआई अधिनियम के लिए नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया है। इसके अलावा, सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के तहत दो केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) (प्रशासन प्रभाग और कार्यक्रम प्रभाग के लिए एक–एक) और एक अपीलीय प्राधिकारी (एए) नामित किए गए हैं। वर्ष 2021–22 के दौरान, कारा को कुल 318 ऑनलाइन/ऑफलाइन आरटीआई आवेदन (सीधे/हस्तांतरित मामले) प्राप्त हुए हैं। वर्ष 2021–22 के दौरान सीपीआईओ (कारा) ने आरटीआई के 318 आवेदनों में से 279 आरटीआई आवेदनों का जवाब दिया है (निपटाया है/हस्तांतरित किया है)।

4.1.2 वर्ष 2021–22 के दौरान कारा को कुल 12 ऑनलाइन/ऑफलाइन अपील आवेदन भी प्राप्त हुए और अपीलीय प्राधिकरण (एयू) ने समय सीमा के भीतर सभी 12 अपीलों का जवाब दिया।

4.1.3 आरटीआई आवेदनों और आरटीआई अपील आवेदनों का तिमाही–वार विवरण नीचे दिया गया है :

आरटीआई आवेदन:

तिमाही	ऑनलाइन/ऑफलाइन के रूप में प्राप्त आरटीआई (सीधे/हस्तांतरित मामले) की संख्या ऐसे	ऑनलाइन/ऑफलाइन आरटीआई की संख्या जिनको निपटाया गया/स्थानांतरित किया गया लंबित	ऑनलाइन/ऑफलाइन आरटीआई की संख्या जिन्हें अगली तिमाही में अग्रेनीत किया
पहली तिमाही	73	62	11
दूसरी तिमाही	122	109	24
तीसरी तिमाही	68	59	33
चौथी तिमाही	55	49	**39**
कुल	**318**	**279**	-

आरटीआई अपील

तिमाही	ऑनलाइन/ऑफलाइन के रूप में प्राप्त आरटीआई (सीधे/हस्तांतरित मामले) की संख्या ऐसे	ऑनलाइन/ऑफलाइन आरटीआई की संख्या जिनको निपटाया गया/स्थानांतरित किया गया लंबित	ऑनलाइन/ऑफलाइन आरटीआई की संख्या जिन्हें अगली तिमाही में अग्रेनीत किया
पहली तिमाही	01	01	0
दूसरी तिमाही	01	01	0
तीसरी तिमाही	06	06	0
चौथी तिमाही	04	04	**0**
कुल	**12**	**12**	-

4.2 शिकायत प्रबंधन

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायत और उस पर की गई कार्रवाई का विवरण:

4.3 कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न पर सूचना

समिति को कोई नई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

शिकायत/पूछताछ का प्रकार	प्राप्त शिकायतों/पूछताछों की कुल संख्या	ऐसी शिकायतों/पूछताछों की कुल संख्या जिनका उत्तर दिया गया
पीएमओ पीजी/सीपी ग्राम	86	86
शिकायत	4505	5063
शिकायत अपील		

* (निस्तारित शिकायतों की संख्या अधिक है क्योंकि उनमें से कुछ की पुनरावृत्ति हुई थी और तदनुसार उनके उत्तर दिए गए थे।)

5
अध्याय

आंकड़ा-आधार

5.1 पिछले तीन वर्षों के दौरान दत्तक–ग्रहण के आंकड़े (समेकित):

दत्तक–ग्रहण	2019-2020	2020-2021	2021-2022
देश में	3351	3142	2991
अंतर–देश	394	417	414

5.2 दत्तक–ग्रहण (देशीय और अंतरराष्ट्रीय) का राज्य–वार और लिंग–वार विवरण

दत्तक–ग्रहण (देशीय और अंतरराष्ट्रीय) का राज्य–वार और लिंग–वार विवरण							
अनु क्रमांक	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	देशीय दत्तक–ग्रहण			अंतरराष्ट्रीय दत्तक–ग्रहण		
		पुरुष	महिला	कुल	पुरुष	महिला	कुल
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0	1	1	0	0	0
2	आंध्र प्रदेश	35	40	75	3	13	16
3	अरुणाचल प्रदेश	1	2	3	1	7	8
4	असम	37	52	89	0	0	0
5	बिहार	42	72	114	4	09	13
6	चंडीगढ़	4	5	9	0	0	0
7	छत्तीसगढ़	41	51	92	3	4	7
8	दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव	1	1	2	0	0	0
9	दिल्ली	19	51	70	4	9	13
10	गोवा	8	14	22	0	0	0
11	गुजरात	48	49	97	2	7	9
12	हरियाणा	21	35	56	4	3	7

13	हिमाचल प्रदेश	4	1	5	0	0	0
14	जम्मू एवं कश्मीर	0	1	1	0	0	0
15	झारखंड	32	35	67	2	3	5
16	कर्नाटक	105	145	250	11	27	38
17	केरल	52	41	93	10	5	15
18	लद्दाख	0	0	0	0	0	0
19	लक्षद्वीप	0	0	0	0	0	0
20	मध्य प्रदेश	62	66	128	5	11	16
21	महाराष्ट्र	234	265	499	25	42	67
22	मणिपुर	1	2	3	2	0	2
23	मेघालय	8	2	10	1	0	1
24	मिजोरम	6	20	26	2	1	3
25	नगालैंड	6	7	13	3	2	5
26	ओडिशा	65	85	150	10	19	29
27	पांडिचेरी	4	6	10	0	1	1
28	पंजाब	15	23	38	1	4	5
29	राजस्थान	54	75	129	7	6	13
30	सिक्किम	19	20	39	0	0	0
31	तमिलनाडु	129	165	294	14	17	31
32	तेलंगाना	61	117	178	13	22	35
33	त्रिपुरा	7	4	11	0	0	0
34	उत्तर प्रदेश	73	101	174	10	29	39
35	उत्तराखंड	5	9	14	1	0	1
36	पश्चिम बंगाल	94	135	229	19	11	30
	कुल	**1293**	**1698**	**2991**	**157**	**252**	**409**

5.3 भारतीय बच्चों के अंतरराष्ट्रीय दत्तक–ग्रहण का देश–वार और लिंग–वार विवरण

भारतीय बच्चों के अंतरराष्ट्रीय दत्तक–ग्रहण का देश–वार और लिंग–वार विवरण				
क्र. संख्या	देश	अंतरराष्ट्रीय दत्तक–ग्रहण		
		पुरुष	महिला	कुल
1.	ऑस्ट्रेलिया	0	0	0
2.	ऑस्ट्रिया	0	0	0
3.	बहरीन	0	0	0
4.	बारबाडोस	0	0	0
5.	बेल्जियम	0	0	0
6.	ब्राज़िल	0	0	0
7.	कनाडा	5	19	24
8.	चिली	0	0	0
9.	चीन	0	0	0
10.	क्यूबा	0	0	0
11.	साइप्रस	0	0	0
12.	चेक रिपब्लिक	0	0	0
13.	डेनमार्क	2	1	3
14.	इथियोपिया	0	0	0
15.	फिनलैंड	9	4	13
16.	फ्रांस	3	3	6
17.	जर्मनी	0	1	1
18.	घाना	0	0	0
19.	हॉगकॉग	0	0	0
20.	हंगरी	0	0	0
21.	आइसलैंड	0	0	0
22.	इंडोनेशिया	0	0	0
23.	आयरलैंड	0	0	0
24.	इजराइल	0	0	0
25.	इटली	54	51	105
26.	जापान	0	0	0
27.	जॉर्डन	0	0	0
28.	केन्या	0	0	0
29.	लक्समबर्ग	0	0	0

30.	मलावी	0	0	0
31.	मलेशिया	0	0	0
32.	माल्टा	23	18	41
33.	मॉरीशस	0	0	0
34.	मेक्सिको	0	0	0
35.	मोरक्को	0	0	0
36.	मोजाम्बिक	0	0	0
37.	नेपाल	0	0	0
38.	नीदरलैंड	0	0	0
39.	न्यूज़ीलैंड	0	6	6
40.	नाइजीरिया	0	0	0
41.	नॉर्वे	0	0	0
42.	फिलीपींस	0	0	0
43.	पोलैंड	0	0	0
44.	पुर्तगाल	0	0	0
45.	रोमानिया	0	0	0
46.	रूस	0	0	0
47.	सैन मारिनो	0	0	0
48.	सऊदी अरब	0	0	0
49.	स्कॉटलैंड	0	0	0
50.	सेशल्स	0	0	0
51.	सिंगापुर	0	0	0
52.	स्लोवेनिया	0	0	0
53.	दक्षिण अफ्रीका	0	0	0
54.	दक्षिण ऑस्ट्रेलिया	0	0	0
55.	दक्षिण कोरिया	0	0	0
56.	स्पेन	10	13	23
57.	श्रीलंका	0	0	0
58.	स्वीडन	7	6 +1 (अन्य)	14
59.	स्विट्ज़रलैंड	1	0	1
60.	ताइवान	0	0	0
61.	तंजानिया	0	0	0
62.	थाईलैंड	0	0	0
63.	टर्की	0	0	0
64.	यू.के.	1	6	7
65.	संयुक्त अरब अमीरात	0	0	0

66.	अमेरीका	40	124	164
67.	वियतनाम	0	0	0
68.	पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया	0	0	0
69.	जाम्बिया	0	0	0
कुल		155	253	**408**

5.4 देशीय दत्तक–ग्रहण का श्रेणीवार विवरणः

अनाथ, परित्यक्त और अध्यर्पित बच्चों का दत्तक–ग्रहण	कुटुम्बी दत्तक–ग्रहण	सौतेला दत्तक–ग्रहण
2991	179	44

5.5 अंतरराष्ट्रीय दत्तक–ग्रहण का श्रेणीवार विवरण :

अनाथ, परित्यक्त और अध्यर्पित बच्चों का दत्तक–ग्रहण	कुटुम्बी दत्तक–ग्रहण
408	20

5.6 देशीय कुटुम्बी दत्तक–ग्रहण के मामलों में जारी किए गए पूर्व–अनुमोदन पत्र (जनवरी 2022 से मार्च 2022 तक प्रभावी)

क्र.सं.	राज्य का नाम	जारी किए गए पत्रों की संख्या
1.	आंध्र प्रदेश	01
2.	दिल्ली	02
3.	गुजरात	01
4.	महाराष्ट्र	45
5.	तमिलनाडु	01
6.	उत्तर प्रदेश	01
	कुल	**51**

5.7 अंतरराष्ट्रीय दत्तक–ग्रहण के ऐसे मामले जिनकी जांच की गई (2020–2021)

जांच और स्वीकृत किए गए आवेदनों की संख्या	445
जांच और अस्वीकृत किए गए आवेदनों की संख्या	4

5.8 देशीय दत्तक–ग्रहण के लिए किए गए गृह अध्ययन के मामले (2020–2021)

वित्त वर्ष 2020–2021 के दौरान कुल 9263 गृह अध्ययन रिपोर्टें संचालित की गईं। इसमें ताजा गृह अध्ययन रिपोर्टों के साथ–साथ पुनः सत्यापित गृह अध्ययन रिपोर्टें शामिल हैं।

6
अध्याय

अनुलग्नक

परिशिष्ट–क : जिला बाल संरक्षण इकाइयों (डीसीपीयू) की राज्य–वार संख्याः

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	पंजीकृत डीसीपीयू की संख्या
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	3
2	आंध्र प्रदेश	13
3	अरुणाचल प्रदेश	18
4	असम	30
5	बिहार	38
6	चंडीगढ़	1
7	छत्तीसगढ़	32
8	दादरा एवं नगर हवेली एवं दमन और दीव	3
9	दिल्ली	22
10	गोवा	2
11	गुजरात	33
12	हरियाणा	21
13	हिमाचल प्रदेश	12
14	जम्मू एवं कश्मीर	22
15	झारखंड	24
16	कर्नाटक	34
17	केरल	14
18	लक्षद्वीप	0
19	मध्य प्रदेश	52
20	महाराष्ट्र	35
21	मणिपुर	9
22	मेघालय	13
23	मिजोरम	11
24	नगालैंड	11
25	ओडिशा	30
26	पांडिचेरी	2
27	पंजाब	25
28	राजस्थान	33
29	सिक्किम	4
30	तमिलनाडु	32
31	तेलंगाना	34
32	त्रिपुरा	8
33	उत्तर प्रदेश	81
34	उत्तराखंड	6
35	पश्चिम बंगाल	30
कुल		**738**

(स्त्रोतः केयरिंग्स)

परिशिष्ट–ख : विशिष्ट दत्तक–ग्रहण एजेंसियों (एसएए) की राज्य–वार संख्याः

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	पंजीकृत एसएए की संख्या
1	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	2
2	आंध्र प्रदेश	14
3	अरुणाचल प्रदेश	2
4	असम	20
5	बिहार	27
6	चंडीगढ़	1
7	छत्तीसगढ़	13
8	दादरा एवं नगर हवेली एवं दमन और दीव	1
9	दिल्ली	12
10	गोवा	2
11	गुजरात	16
12	हरियाणा	8
13	हिमाचल प्रदेश	1
14	जम्मू एवं कश्मीर	0
15	झारखंड	12
16	कर्नाटक	34
17	केरल	18
18	लक्षद्वीप	0
19	मध्य प्रदेश	35
20	महाराष्ट्र	56
21	मणिपुर	9
22	मेघालय	6
23	मिजोरम	6
24	नगालैंड	4
25	ओडिशा	33
26	पांडिचेरी	3
27	पंजाब	8
28	राजस्थान	35
29	सिक्किम	3
30	तमिलनाडु	24
31	तेलंगाना	12
32	त्रिपुरा	9
33	उत्तर प्रदेश	21
34	उत्तराखंड	7
35	पश्चिम बंगाल	30
कुल		**484**

(स्त्रोतः केयरिंग्स)

परिशिष्ट–ग : अधिकृत विदेशी दत्तक–ग्रहण एजेंसियों (एएफएए) की देश–वार संख्या

क्र.सं.	देश का नाम	एएफएए की संख्या
1.	बेल्जियम	3
2.	कनाडा	3
3.	डेनमार्क	1
4.	इथियोपिया	1
5.	फिनलैंड	1
6.	फ्रांस	6
7.	हॉगकॉग	1
8.	आइसलैंड	1
9.	आयरलैंड	1
10.	इटली	10
11.	लक्समबर्ग	1
12.	माल्टा	4
13.	नीदरलैंड	1
14.	न्यूज़ीलैंड	2
15.	सिंगापुर	1
16.	दक्षिण अफ्रीका	1
17.	स्पेन	4
18.	स्वीडन	2
19.	स्विट्ज़रलैंड	1
20.	यू.के.	1
